भारत सरकार

श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय

श्रम ब्यूरो

'क्लेरमॉन्ट' शिमला- 171004

दिनांक: 31 मई, 2021

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

## प्रेस विज्ञप्ति

### औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100)- अप्रैल, 2021

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। अप्रैल, 2021 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।


अप्रैल, 2021 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.5 अंक बढ़कर 120.1 (एक सौ बीस दशमलव एक) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.42 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.43 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में, अरहर दाल, मसूर दाल, ताजी मछली, बकरे का मांस, पोल्ट्री चिकन, अंडा-मुर्गी, खाने का तेल, सेब, केला, अंगूर, लीची, संतरा, पपीता, चाय पत्ती, चाय-तैयार, नाई/सौन्दर्य विशेषज्ञ शुल्क, फूल/फूल मालाएं, डॉक्टर फीस, रेल भाड़ा, मोटर साइकिल सर्विसिंग चार्ज, केबल चार्ज, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः चावल, प्याज, करेला, सहजन, भिंडी, परवल, कुकिंग गैस, पेट्रोल, आदि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केंद्र-स्तर पर जबलपुर केंद्र के सूचकांक में अधिकतम 3.6 अंक की वृद्धि रही जिसके पश्चात रायपुर एवं भावनगर केंद्र में क्रमशः 3.2 एवं 3.1 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य 6 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 11 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक के बीच तथा 49 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, कुन्नूर केंद्र में अधिकतम 2.3 अंक की कमी दर्ज की गई। अन्य 3 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा शेष 15 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक की कमी पाई गई।


अप्रैल, 2021 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.64 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.45 प्रतिशत की तुलना में 5.14 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 5.36 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 6.56 प्रतिशत की तुलना में 4.78 प्रतिशत रहा।

## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक: मार्च एवं अप्रैल, 2021

| क्र. सं. | समूह | मार्च, 2021 | अप्रैल, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 118.0 | 119.1 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 136.5 | 137.3 |
| III | कपड़े एवं जूते | 118.7 | 119.0 |
| IV | आवास | 115.2 | 115.2 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 149.2 | 148.7 |
| VI | विविध | 118.1 | 118.3 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **119.6** | **120.1** |




सूचकांक की आगामी कड़ी मई, 2021 माह के लिए दिन बुधवार, 30 जून, 2021 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट [www.labourbureaunew.gov.in](http://www.labourbureaunew.gov.in) पर भी उपलब्ध रहेगा।

31/5/2021

(श्याम सिंह नेगी)

उप महानिदेशक

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

'CLEREMONT', SHIMLA-171004
DATED: 31st May, 2021

F.No. 5/1/2021-CPI

**Press Release**

## Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – April, 2021

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of April, 2021 is being released in this press release.


The All-India CPI-IW for April, 2021 increased by 0.5 points and stood at 120.1 (one hundred twenty and point one). On 1-month percentage change, it increased by 0.42 per cent with respect to previous month compared to an increase of 0.92 per cent recorded between corresponding months a year ago.

The maximum upward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 0.43 percentage points to the total change. At item level, Arhar Dal, Masur Dal, Fish Fresh, Goat Meat, Poultry Chicken, Eggs-Hen, Edible Oils, Apple, Banana, Grapes, Leechi, Orange, Papaya, Tea Leaf, Tea Hot-drink, Barber/Beautician Charges, Flowers/Flower Garlands, Doctor's Fee, Rail Fare, Servicing Charges of Motor Cycle, Cable Charges, etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was largely checked by Rice, Onion, Bitter Gourd, Drum Stick, Lady Finger, Parval, Cooking Gas, Petrol, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Jabalpur recorded maximum increase of 3.6 points followed by Raipur and Bhavnagar with 3.2 and 3.1 points respectively. Among others, 6 centres observed an increase between 2 to 2.9 points, 11 centres between 1 to 1.9 points and 49 centres between 0 to 0.9 points. On the contrary, Coonoor recorded a maximum decrease of 2.3 points. Among others, 3 centres observed a decline between 1 to 1.9 points and remaining 15 centres between 0 to 0.9 points.

Year-on-year inflation for the month stood at 5.14 per cent compared to 5.64 per cent for the previous month and 5.45 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 4.78 per cent against 5.36 per cent of the previous month and 6.56 per cent during the corresponding month a year ago.


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




**All-India Group-wise CPI-IW for March and April, 2021**

| Sr. No. | Groups | March, 2021 | April, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 118.0 | 119.1 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 136.5 | 137.3 |
| III | **Clothing & Footwear** | 118.7 | 119.0 |
| IV | **Housing** | 115.2 | 115.2 |
| V | **Fuel & Light** | 149.2 | 148.7 |
| VI | **Miscellaneous** | 118.1 | 118.3 |
| | **General Index** | **119.6** | **120.1** |

## CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of May, 2021 will be released on Wednesday 30th June, 2021. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

31/5/2021

**(Shyam Singh Negi)**
Deputy Director General